प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 14.04.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– नीति निर्माण में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में होगी सहायक।
2. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झुमरी तिलैया में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन का किया उद्घाटन, कहा – अब महिलाओं को मिलेगी नई पहचान।
3. स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने अस्पतालों में रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति किए जाने की घोषणा की, कहा– बेहतर इलाज देना सरकार का लक्ष्य।
4. प्रदेश भाजपा के शिष्टमंडल ने राज्यपाल संतोष गंगवार से की मुलाकात, उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग।

और

5. मौसम विभाग ने कल से राज्य के अधिकतर हिस्सों में तापमान में वृद्धि की जताई संभावना, 17 और 18 अप्रैल को लू चलने की आशंका

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नीति–निर्माण और निर्णय लेने में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से वर्ष 2047 तक विकसित भारत की यात्रा का दृष्टिकोण और मजबूत होगा। उन्होंने कहा है कि देशभर की महिलाएं विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का एक अनूठा अवसर मिलने पर खुशी व्यक्त कर रही हैं।

******************

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि महिला आरक्षण विधेयक समय की मांग है। श्री शाह ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक पत्र साझा करते हुए कहा कि नीति निर्माण और राष्ट्रं को सशक्त बनाने में योगदान देने के लिए यह विधेयक नारी शक्ति का अधिकार है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार इस विधेयक को लाने और कार्यान्वित करने के लिए कृत संकल्प है।

******************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि महिलाएं अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। आज कोडरमा जिले के झुमरी तिलैया स्थित शिव वाटिका में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लागू हो जाने से महिलाएं अब राजनीति के क्षेत्र में भी अब आगे बढ़कर आएंगी।

******************

चतरा जिले में आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में एक पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा जतरीबाग से पोस्ट ऑफिस तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। चतरा के सांसद कालीचरण सिंह भी इस पदयात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर संसद तक, महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होने से देश और मजबूत होगा।

******************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि राज्य के सभी अस्पतालों में रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी सदर अस्पतालों को अपग्रेड कर वहां उच्च तकनीकों वाला इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। मंत्री आज पाकुड़ जिले में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

*****************

राजमहल से सांसद विजय हांसदा ने आज साहिबगंज सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

*****************

पूर्व मंत्री और विधायक डॉ लुईस मरांडी ने दुमका जिले के जामा प्रखंड मुख्यालय में पालना घर का उद्घाटन किया। छह वर्ष तक के बच्चों की देखरेख के लिए इस पालना घर की शुरुआत की गई है। यहां बच्चों के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है, जहां उनकी समुचित देखभाल की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा यहां प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती भी की गई है, जो बच्चों की जरूरतों का ध्यान रखेंगे और उनके शारीरिक और मानसिक विकास में सहयोग करेंगे।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 26 तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम के लिए लोग अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप या मायगव ओपन फोरम के माध्यम से भी ऑनलाइन सुझाव दिए जा सकते हैं। श्रोता 1 9 2 2 पर मिस्ड कॉल देकर सीधे प्रधानमंत्री को अपने सुझाव भेज सकते हैं। सुझाव इस माह की 24 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आज रांची में अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर पुलिस महानिदेशक एम.एस. भाटिया ने बैज लगाया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अग्निशमन विभाग के साहसी कार्यों की सराहना करते हुए प्रदेशवासियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। श्री सोरेन ने कहा कि अग्निशमन सेवा के जवान अपनी जान की परवाह किए बिना आपदा के समय लोगों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने जोर दिया कि राज्य सरकार अग्निशमन विभाग को आधुनिक संसाधनों से मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

*****************

हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने दावा किया है कि अगर सही तरीके से जांच की जाए तो जिले में हुआ ट्रेजरी घोटाला देश का सबसे बड़ा घोटाला साबित हो सकता है। सांसद आज हजारीबाग में एक प्रेस वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे।

*****************

बोकारो जिले में पोषण पखवारा के तहत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

*****************

प्रदेश भाजपा के एक शिष्टमंडल ने आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएससीसी की ओर से आयोजित उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल

से आग्रह किया कि इस मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए, ताकि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच हो सके।

******************

मौसम विभाग ने कल से राज्य के अधिकतर हिस्सों में तापमान में धीरे–धीरे वृद्धि की संभावना जताई है। इसके अलावा 17 और 18 अप्रैल को राज्य के कई हिस्सों में लू चलने की भी आशंका है। आज राजधांनी रांची का अधिकतम तापमान 35 दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि राज्य में सबसे अधिक तापमान जमशेदपुर में 39 दशमलव छह डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लू से बचाव को देखते हुए आम लोगों से दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर नहीं निकलने की अपील की है।

*******समाप्त*******